(b) if so, what action has been taken by Government in this direction and also to review the child labour (prohibition and regulaton) Act, 1986 to make it more stringent and meaningful?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI RAMJI LAL SUMAN): (a) Yes, Sir.

(b) The information is being collected and will be laid on the table of the House.

Leak out of a Classified document in Assam

1469. SHRI M. S. GURUPADASWAMY:

SHRI SURESH KALMADI:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether classified document sent to the Assam Home Department before the imposition of President's Rule in the State was leaked out to ULFA militants;

(b) if so, whether Government have made any inquiry to indentify the source of leakage of the classified document and officials involved in it; and

(c) if so, what is the outcome thereof and the action taken by Government in the matter so as to prevent recurrence of such incidents?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) A copy of a secret communication dated 27-9-1989 regarding re-infiltration of ULFA extremists from Burma was recovered by the Army in ULFA, Camp at Lakhipathar, during the 'Operation Bajrang'.

(b) and (c) The State Government have been requested to have an enquiry made.

साम्प्रदायिक दंगे

1470. **श्री अनन्त राम जायसवाल :**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1990 से दिसम्बर, 1990 तक की अवधि के दौरान देश में हुये सांप्रदायिक दंगों की संख्या कितनी है और उन राज्यों के नाम क्या-क्या हैं जहां ये दंगे हुये तथा प्रत्येक मामले मे दंगे के क्या कारण थे ,

(ख) उपर्युक्त दंगों के मारे गये/घायल हुये व्यक्तियों की राज्यवार संख्या कितनी-कितनी है ,

(ग) क्या सरकार ने इस वर्ष हुये दंगो और 1990 से पहले हुये दंगों के बीच कोई अन्तर अनुभव किया है यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या सरकार ने देश मे सांप्रदायिक दगो को रोकने की किसी योजना पर विचार किया है ; यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) और (ख) उपलब्ध सूचना के आधार पर 1-1-1990 से 31-12-1990

के दौरान देश मे हुये प्रमुख सांप्रदायिक दंगों का विवरण निम्न प्रकार है :-

1-1-1990 से 31-12-1990 के दौरान देश के विभिन्न भागों में हुये प्रमुख साम्प्रदायिक दंगों का तालिकावार विवरण :-

स्थान का नाम और तारीख	व्यक्तियों की संख्या		दंगों का कारण
	मारे गये	घायल हुये	
आन्ध्र प्रदेश :			
हैदराबाद शहर (6/9-7-90)	8	31	भूमि विवाद को लेकर विभिन्न समुदायों के समाज विरोधी तत्वों के बीच झड़पें।
हैदराबाद (9-10-90)	8	33	पुलिस की गोलीबारी के दौरान एक मुसलमान अपराधी की मृत्यु होना।
हैदराबाद (7/25-12-90)	130	312	विभिन्न समुदायो के दो समाज विरोधी तत्वो के बीच भूमि विवाद।
रंगारेड्डी (7/25-12-90)	16	30	
बिहार :			
बड़ी गुलानी (जिला नवादा) (12-3-90)	5	10	एक पूजा स्थल के पास से गुजर रहे होली के जुलूस पर पथराव।
जमशेदपुर (14-15-3-90)	3	6	
पटना (27/28-11-90)	11	5	दूसरे समुदाय के व्यक्तियों के एक समूह द्वारा एक समाज विरोधी तत्व पर गोली मारने के कारण मृत्यु।
असम :			
हेलाकंडी (17-11-90)	17	19	आदिवासी और अल्पसख्यक समुदाय के समाज विरोधी तत्वों द्वारा दुकानो और मकानो का लूटा जाना और आग लगाना।

स्थान का नाम और तारीख	व्यक्तियों की संख्या		दंगों के कारण
	मारे गये	घायल हुये	
दिल्ली : (14/16-11-90)	11	37	ए.आई.एम.एफ. के प्रदर्शनकारियो द्वारा उत्तेजनाजनक नारे बाजी करने के परिणामस्वरूप हिसा हुई।
गुजरात :			
पाटन (10-3-90) (जिला महसाना)	5	52	एक छोटी सी बात, सिनेमा के टिकटो का ब्लैक किए जाने, को लेकर दो विभिन्न समुदाय के समाज विरोधी लोगो की बीच झडपे।
आणंद (27-3-90) (जिला खेडा)	2	16	खेड़ा जिले के वि.हि.प. के अध्यक्ष की दूसरे समुदाय के के लोगो द्वारा कथित रूप से हत्या।
-तदैव- (4-9-90)	3	7	गणेश चतुर्थी के जुलूस पर घर की छतो से पत्थर फैका जाना, जब जुलूस अन्य समुदाय के घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजर रहा था।
अहमदाबाद (3/8-4-90)	38	118	छुरा घोपने की एक गंभीर घटना होने के परिणामस्वरूप सांप्रदायिक झड़पे।
-तदैव-(9/25-12-90)	31	247	पुलिस स्टेशन दरियापुर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में पुलिस कार्मिकों और क्रिकेट खेलते हुये बच्चो के बीच कहा-सुनी होना।
बडोदा (6/7-4-90)	12	74	कश्मीर की घटनाओ के सबंध मे आयोजित एक रैली होने के सबंध में।
-तदैव-(4-9-90)	7	54	गणेश चतुर्थी के जुलूस के दौरान उत्तेजना जनक नारे लगाये जाने के परिणामस्वरूप पथराव होना।
कर्नाटक			
रामानगरम (2-9-90)	4	11	गणेश चतुर्थी के जुलूस मे भाग लेने वालों द्वारा कथित उत्तेजक नारे लगाना।

स्थान का नाम और तारीख	व्यक्तियों की संख्या		दंगो के कारण
	मारे गये	घायल हुये	
चेन्नपटना (बंगलौर ग्रामीण) (3-10-90)	18	102	दूसरे समुदाय की लड़की को छेडने पर ।
कोलार (3-10-90)	2	2	ईद-मिलाद के त्यौहार पर सजे हुये डोडापेट क्षेत्र मे दूसरे समुदाय के शरारती तत्वो द्वारा पथराव करना ।
तमिलनाडु :			
देनकनीकोटाई (जिला धर्मपुर) (10-10-90)	4	59	राम ज्योति के जूलूस मे भाग लेने वालो द्वारा एक अल्पसख्यक के बहुल्य वाले क्षेत्र से निकलने पर जोर देने पर ।
राजस्थान :			
जयपुर (24-10-90/2-11-90)	51	148	भा.जा.पा. द्वारा दिये गये बन्द के आह्वान के समर्थन मे निकाले गये जुलूस पर अल्पसख्यक समुदाय के लोगो द्वारा पथराव करने पर ।
जोधपुर (25-10-90/2-11-90)	3	35	—तदैव—
उत्तर प्रदेश :			
कानपुर (18-4-90)	5	17	विभिन्न समुदाय के लोगो के बीच हल्की सड़क दुर्घटना ।
कानपुर (9/20-12-90)	21	68	अन्य समुदाय के विक्रेताओ को जबरन फुटपाथ से हटाने पर ।
बिजनौर (9/10-10-90)	46	404	उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सद्भावना रैली का बहिष्कार करने के लिये भा.क्रा.सघ/ भा.ज.पा. के सदस्यो द्वारा गुडागर्दी किये जाने पर ।
कोलनगंग (जिला गोंडा) (30-9-90/4-10-90)	45	505	दुर्गा विसर्जन के जुलूस पर पथराव किये जाने के परिणाम स्वरूप ।

स्थान का नाम और तारीख	व्यक्तियों की संख्या		दंगों के कारण
	मारे गये	घायल हुये	
एटा . . . (4-12-90)	14	11	कु. उमा भारती, सासद के नेतृत्व मे भा.ज.पा. की संगी-साथियो पर पथराव होना।
अलीगढ़ . . . (7/20-12-90)	112	208	शुक्रवार की नमाज से वापस आती हुई भीड़ द्वारा एक पी.ए.सी. के कास्टेबल को चाकू घोपने और उसकी राईफल छीने जाने पर।
मेरठ . . . (12/13-12-90)	4	2	अल्पसंख्यक समुदाय के समाज-विरोधी तत्वो द्वारा बहुसंख्यक समुदाय के व्यक्ति की हत्या के फलस्वरूप।
आगरा (13-18-12-90)			
झागिरपुर (जिला बुलदशहर) (13-12-90)	13	9	अलीगढ़, कानपुर और मेरठ मे हुई सांप्रदायिक हिंसा के प्रभाव/परिणाम स्वरूप।
खुर्जा (जिला बुलदशहर) (14-16-12-90)	11	7	
महाराष्ट्र :			
बम्बई . (30/31-12-90)	4	30	अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ व्यक्तियों पर अज्ञात शरारती लोगों द्वारा उस समय पथराव किये जाने के परिणामस्वरूप जब वे एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे।

(ग) देश में हाल ही मे साप्रदायिक स्थिति राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के कारण बिगड़ी। तथापि, इन दंगो के पीछे समाज विरोधी और साप्रदायिक तथा राष्ट्र विरोधी तत्वो का हाथ रहा है।

(घ) जब कभी अवसर आते हैं और माग की जाती है तो, राज्य सरकारों को अर्ध-सैनिक बल और उपकरण उपलब्ध कराकर सहायता दी जाती है ताकि दंगों से कारगर रूप से निपटा जा सके और उन्हें नियंत्रित किया जा सके।

साप्रदायिकता बुराइयो से निपटने के तरीको की खोज करने के लिये राष्ट्रीय एकता परिषद इस गंभीर समस्या का

का समाधान खोजने पर विचार-विमर्श कर रही है । समिति ने वर्ष 1990 के दौरान दो बैठकें एक अप्रैल में नई दिल्ली में तथा दूसरी सितम्बर मे मद्रास मे की है । इन बैठकों में इस आशय के संकल्प पारित किये गये कि इन समस्याओं को शांति पूर्ण ढंग से हल करना होगा और राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मुद्दे का सौहार्दपूर्ण हल खोजना होगा तथा ऐसा कुछ नहीं किया जाय जिससे देश में पहले से ही भड़की हुई सांप्रदायिक तनाव और भडके ।

राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भावना, और राष्ट्रीय अखंडता को बढावा देने के लिये गृह मंत्रालय में एक योजना चलाई जा रही है जिसके अधीन इस प्रयोजन हेतु स्वयंसेवी संगठनों को देश के विभिन्न भागों में समारोह और गोष्ठिया आयोजित करने के लिये वित्तीय सहायता दी जाती है ।

देश में सांप्रदायिक दंगों की पुनरावृत्ति को रोकने और सांप्रदायिक सद्भावना को बढावा देने को ध्यान मे रखते हुये इस बारे में विस्तृत उपाय किरने के लिये राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को अप्रैल, 1990 में दिशा निर्देश जारी किये गये थे । उत्तेजनाजनक भाषण, लेख इत्यादि जिनसे देश मे साप्रदायिकता का माहौल खराब होता हो, की रोकथाम करने के लिये राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को अगस्त, 1990 में सुझाव भेजे गये हैं ।

अल्पसख्यको के कल्याण के लिये 15 सूत्री कार्यक्रम के कुछ पहलुओं का गह मंत्रालय प्रबोधन कर रहा है । इनमे विशेष अदालतो को स्थापित करना, दगा पीडितो को राहत देना, अल्पसंख्यको को पुलिस इत्यादि मे भर्ती करना, शामिल है ।

Efficiency bar and promotions in Indian Statistical Service

1471. SHRI ANANT RAM JAISWAL Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Unstarred Question 3102 given in the Rajya Sabha on the 4th September, 1990 and state what was the period of different efficiency bars in Indian Statistical Service, Grade IV and Grade III and also in Junior Administrative Grade as on the 1st December, 1990?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): Efficiency Bar is a stage provided in certain scales of pay at which the fitness of the officer to cross it is ascertained before the next increment is released In the Indian Statistical Services, Efficiency Bar is provided only in Grade IV, the scale of pay of which is Rs. 2200-75-2800-EB-1004000.

अहीर और गुर्जर समुदायों को आरक्षण सूची में सम्मिलित किये जाने के संबंध में उप प्रधान मंत्री की घोषणा

1472. श्रीमती सूर्यकांता पाटील :
कुमारी चंद्रिका प्रेमजी केनिया :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहीर और गुर्जर समुदायों को भी आरक्षण सूची मे सम्मिलित किया जा रहा है जैसा कि उप प्रधान मंत्री, श्री देवी लाल ने हाल मे एक सार्वजनिक सभा में घोषणा की थी ;

(ख) यदि नही, तो इस प्रकार की घोषणा करने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त सार्वजनिक सभा मे उप प्रधान मंत्री ने यह घोषणा भी की थी कि आरक्षण का लाभ आर्थिक दृष्टि से पिछड़े व्यक्तियो को भी दिया जाएगा और आरक्षण का यह लाभ एक परिवार को केवल एक बार दिया जाएगा ; और

(घ) यदि हां, तो उसका आधार क्या होगा और यह घोषणा किस नीति के अन्तर्गत की गई है ?